चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (FYUP) के लिए पाठ्यक्रम
तथा पाठ्यक्रम सम्बन्धी दिशा-निर्देश

(राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप)

राजीव गाँधी विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

हिंदी विभाग

रोनो हिल्स, दोइमुख, अरुणाचल प्रदेश-791112

अकादमिक सत्र 2024-25 से प्रभावी

प्रस्तावना

1.0. **प्रस्तावना**

चार वर्षीय हिंदी स्नातक प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम के निर्माण हेतु गठित पाठ्यक्रम निर्माण समिति (BOS) इस रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रही है। पाठ्यक्रम निर्माण समिति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में इस पाठ्यक्रम का निर्माण किया है।

इस सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की संरचना इस प्रकार की गई है कि इसके अध्ययन के पश्चात हिंदी साहित्य के विद्यार्थी यह जान सकेंगे कि साहित्य का अध्ययन कैसे किया जाए, उसकी समीक्षा कैसे की जाए और दिए गए पाठ को पढ़ने की समझ किस प्रकार विकसित की जाए ताकि विद्यार्थी साहित्य के उद्देश्य से भली-भाँति परिचित हो सके। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत स्नातक सप्तम सत्र में शोध प्रविधि एवं सिद्धांत तथा अष्टम सत्र में शोध एवं प्रकाशन नैतिकता से सम्बंधित माइनर पत्र पढ़ाया जाएगा। सप्तम सत्र के बाद ऐसे विद्यार्थीजो स्नातक शोध के साथ प्रतिष्ठा की उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं, उनसे अष्टम सत्र में 12 क्रेडिट के शोध परियोजना कार्य का लेखन कराया जायेगा। षष्ठ सत्र तक हिंदी माइनर के पत्रों को अन्य विषयों के विद्यार्थी पढ़ेंगे, जबकि सप्तम एवं अष्टम सत्र के माइनर पत्रों - (1. शोध प्रविधि तथा 2. शोध एवं प्रकाशन नैतिकता) को हिंदी मेजर के विद्यार्थी पढ़ेंगे। शोध परियोजना का लेखन कार्य करने हेतु अर्हता अंक सभी विभागों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा तय किया जाएगा। चार वर्षीय स्नातक शोध के साथ प्रतिष्ठा की उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एक अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करके पीएच. डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

इस पाठ्यक्रम के निर्माण के दौरान क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक संदर्भों के अनुरूप विकल्प रखे गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम में हिंदी साहित्य के सभी कालखंडो, प्रवृत्तियों, लेखकों, विविध विषय-वस्तु, विधागत विभाजन, शोध प्रविधि, शोध एवं प्रकाशन नैतिकता तथा शोध परियोजना लेखन कार्य आदि के समायोजन द्वारा पाठ्यक्रम को सर्वसमावेशी बनाया गया है।

भारत विविधतापूर्ण देश है और ये विविधताएँ भाषागत भी हैं। यहाँ तक कि हिंदी भाषा के अंतर्गत अनेक बोलियाँ भी सम्मिलित हैं जिनका साहित्य भी हिंदी भाषा को समृद्ध कर रहा है। इस समृद्ध साहित्यिक परम्परा के अध्ययन के उद्देश्य की पूर्ति के लिए इस पाठ्यक्रम की रूपरेखा निर्मित की गई है। इस पाठ्यक्रम में 'भारतीय साहित्य' शीर्षक पत्र के अंतर्गत अन्य भारतीय भाषाओं में रचित साहित्य को भी सम्मिलित किया गया है। इस पाठ्यक्रम में 'अरुणाचली लोक साहित्य' शीर्षक से भी एक पत्र रखा गया है। अरुणाचली लोक साहित्य के अंतर्गत इस प्रदेश की बोलियों में प्राप्त लोक साहित्य के विविध रूपों का अध्ययन किया जायेगा। साथ ही इस दिशा में शोध की संभावनाओं को भी तलाशने का प्रयास किया जायेगा। शोध परियोजना पर कार्य करते समय अरुणाचल प्रदेश की बोलियों एवं उनमें प्राप्त लोक साहित्य पर अधिक ध्यान दिया जायेगा।

यह पाठ्यक्रम रोजगारपरक शिक्षा देने का कार्य भी करेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप तैयार इस पाठ्यक्रम को नवाचार की दृष्टि से लागू किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम का अध्ययन समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

अतः सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इस कार्यक्रम को लागू करने में अपनी रुचि दिखाएँ और प्रोत्साहन दें ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप निर्मित इस कार्यक्रम की सार्थकता सिद्ध हो सके।

चार वर्षीय हिंदी स्नातक प्रतिष्ठा तथा चार वर्षीय हिंदी स्नातक शोध के साथ प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम का संक्षिप्त परिचय

हिन्दी स्नातक प्रतिष्ठा, 4 (चार) वर्षों की स्नातक उपाधि है, जिसमें 8 (आठ) सत्र शामिल हैं। पाठ्यक्रम में विविध और अंतर्दृष्टि-उन्मुख पत्रों को सम्मिलित किया गया है जिसमें प्रतिष्ठा के 21 (इक्कीस) पत्र, 3 (तीन) विभागीय ऐच्छिक (Departmental

Elective) [ऐसे विद्यार्थी जो चार वर्षीय स्नातक शोध के साथ प्रतिष्ठा की उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं, वे प्रतिष्ठा के 21 (इक्कीस) पत्रों का अध्ययन तथा 12 क्रेडिट के शोध परियोजना कार्य का लेखन करेंगे], माइनर के 8 (आठ) पत्र, बहुअनुशासनात्मक पाठ्यक्रम (MultidisciplinaryCourse) के 3 (तीन) पत्र, योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (Ability Enhancement Course) के 2 (दो) पत्र, कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (Skill Enhancement Course) के 3 (तीन) पत्र और मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम (Value-Added Course) के 3 (तीन) पत्र शामिल हैं।

1. प्रत्येक पत्र को चार इकाइयों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पत्र के लिए 100 (सौ) अंक निर्धारित हैं जिसमें आंतरिक मूल्यांकन के लिए 20 (बीस) अंक और सत्रांत परीक्षा के लिए 80(अस्सी) अंक निर्धारित हैं। हिंदी स्नातक प्रतिष्ठा के विद्यार्थी, हिंदी सामान्य (माइनर), के पत्रों को अन्य विभागों में पढ़ेंगे। बहुअनुशासनात्मक पाठ्यक्रम (Multidisciplinary Course) तथा मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम (Value-Added Course) आदि पत्रों को अपने विभाग में अथवा अन्य विभागों में पढ़ सकते है।

इस पाठ्यक्रम में बहु प्रवेश एवं बहु निकास का प्रावधान रहेगा, जो इस प्रकार है-

1.1. उपाधि प्रदान करने का मानदंड

- **एक वर्षीय स्नातक सर्टिफिकेट**: प्रथम एवं द्वितीय सत्र में 40 क्रेडिट अंक प्राप्त करने वाला कोई विद्यार्थी यदि पाठ्यक्रम को छोड़ना चाहे तो उसे उक्त विषय में एक वर्षीय स्नातक का सर्टिफिकेट दिया जायेगा, बशर्ते उसे इन दोनों सत्रोंमें 2 क्रेडिट की इंटर्नशिप पूरी करनी होगी।
- **दो वर्षीय स्नातक का डिप्लोमा :**चतुर्थ सत्र के समाप्त होने के पश्चात 80 क्रेडिट अंक प्राप्त करने वाला कोई विद्यार्थी यदि पाठ्यक्रम को छोड़ना चाहे तो उसे उक्त विषय में दो वर्षीय स्नातक का डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा, बशर्ते उसे इन दो वर्षों के दौरान 2 क्रेडिट की इंटर्नशिप पूरी करनी होगी।
- **तीन वर्षीय स्नातक उपाधि:**षष्ठ सत्र अथवा तीन वर्ष की पढ़ाई पूर्ण करने के पश्चात 120 क्रेडिट अंक अर्जित करने वाला कोई छात्र यदि पाठ्यक्रम को छोड़ना चाहे तो उसे तीन वर्षीय स्नातककी उपाधि प्रदान की जायेगी, बशर्ते उसे इन तीन वर्षों के दौरान 2 क्रेडिट की इंटर्नशिप पूरी करनी होगी।
- **चार वर्षीय स्नातक उपाधि:** चार वर्षीय स्नातक उपाधि पाठ्यक्रम को पूरा करने वाले छात्रों को ही हिंदी में प्रतिष्ठा (आनर्स) की उपाधि प्रदान की जाएगी। इस पाठ्यक्रम के चतुर्थ वर्ष अर्थात सप्तम एवं अष्टम सत्र का पाठ्यक्रम दो प्रकार का होगा :-

  क. अष्टम सत्र में हिंदी प्रतिष्ठा के पाठ्यक्रम में 160 क्रेडिट अर्जित करने वाले छात्रों को ही हिंदी स्नातक प्रतिष्ठा की उपाधि प्रदान की जाएगी। ऐसे छात्र यदि परास्नातक कार्यक्रम में प्रवेश लेना चाहे तो वे सीधे परास्नातक के तृतीय सत्र में प्रवेश पा सकते हैं, बशर्ते वे इस पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अपेक्षित क्रेडिट अर्जित कर पाये हों और विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हों।

  ख. अष्टम सत्र में हिंदी प्रतिष्ठा के पाठ्यक्रम में 160 क्रेडिट अर्जित करने वाले वे छात्र जिन्होंने 12 क्रेडिट का शोध परियोजना कार्य भी पूर्ण किया हो उन्हें हिंदी स्नातक शोध के साथ प्रतिष्ठा की उपाधि प्रदान की जाएगी। शोध के साथ स्नातक प्रतिष्ठा की उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए दिशानिर्देशों और प्रवेश परीक्षा के नियमों के अंतर्गत विश्वविद्यालय में पीएच. डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश पा सकते हैं, बशर्ते उसे इस पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अपेक्षित क्रेडिट अर्जित करना होगा।

पाठ्यक्रमों के नाम और उनके कूट नाम:

1. हिंदी प्रतिष्ठा (Hindi Major) : **HIN-CC**
2. हिंदी सामान्य (Hindi Minor) : **HIN-MC**
3. अंतर अनुशासनात्मक पाठ्यक्रम (Multidisciplinary Course) : **HIN-MD**
4. योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (Ability Enhancement Course) : **HIN-AE**
5. कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (Skill Enhancement Course) : **HIN-SE**
6. मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम (Value-Added Course) : **VAC**
7. विभागीय ऐक्छिक (Departmental Elective) **: HIN – DE**

तीन वर्षीय स्नातक/चार वर्षीय हिंदी स्नातक (प्रतिष्ठा)/ चार वर्षीय हिंदी स्नातक शोध के साथ (प्रतिष्ठा) के लिए पाठ्यक्रम संरचना

प्रथम सत्र									
पाठ्यक्रम कोड	**पाठ्यक्रम का शीर्षक**	**कुल क्रेडिट**	**क्रेडिट**			**संवाद अवधि**	**आतंरिक परीक्षा अंक**	**सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/प्रयोगात्मक)**	**कुल अंक**
			L	T	P				
HIN-CC-1110	हिन्दी साहित्य: आदिकाल से भक्तिकाल (इतिहास एवं रचनाएँ)	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-MC-1110	हिंदी सामान्य	4	3	1	0	60	20	80	100
XXX-MD-1110	राष्ट्रीय चेतना की कविता	3	2	1	0	45	20	80	100
XXX-AE-1110	लेखन कौशल	4	3	1	0	60	20	80	100
XXX-SEC-0010	हिंदी शिक्षण	3	2	1	0	45	20	80	100
EVS-VA-1110	अन्य विभागों द्वारा तैयार किया जाएगा। विद्यार्थी अपने पसंद	2	1	1	0	30	20	80	100

पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	कुल क्रेडिट	क्रेडिट L	T	P	संवाद अवधि	आतंरिक परीक्षा अंक	सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/प्रयोगात्मक)	कुल अंक
	के विषय में तैयार पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं।								
द्वितीय सत्र									
पाठ्यक्रम कोड	**पाठ्यक्रम का शीर्षक**	**कुल क्रेडिट**	**क्रेडिट** L	T	P	**संवाद अवधि**	**आतंरिक परीक्षा अंक**	**सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/प्रयोगात्मक)**	**कुल अंक**
HIN-CC-1210	रीतिकाल : इतिहास एवं रचनाएँ	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-MC-1111	गद्य साहित्य : कहानी एवं उपन्यास	4	3	1	0	60	20	80	100
XXX-MD-1210	साहित्य और सिनेमा	3	2	1	0	45	20	80	100
XXX-AE-1210	पटकथा तथा संवाद लेखन	4	3	1	0	60	20	80	100
XXX-SE-0020	सृजनात्मक लेखन	3	2	1	0	45	20	80	100
EVS-VA-1120	अन्य विभागों द्वारा तैयार की जायेगी। विद्यार्थी अपने पसंद के विषय में तैयार पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं।	2	1	1	0	30	20	80	100
प्रथम एवं द्वितीय सत्र में 40 क्रेडिट अंक प्राप्त करने वाला कोई विद्यार्थी यदि पाठ्यक्रम को छोड़ना चाहे तो उसे उक्त विषय में स्नातक प्रमाण पत्र की उपाधि दी जाएगी, बशर्ते उसे इन दो सत्रों में संचालित कौशल आधारित पाठ्यक्रम के 6 क्रेडिट के अतिरिक्त व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित 4 क्रेडिट वाला प्रशिक्षण/ समर इंटर्नशिप पूरा करना होगा।									
तृतीय सत्र									
पाठ्यक्रम कोड	**पाठ्यक्रम का शीर्षक**	**कुल क्रेडिट**	**क्रेडिट** L	T	P	**संवाद अवधि**	**आतंरिक परीक्षा अंक**	**सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/प्रयोगात्मक)**	**कुल अंक**

HIN-CC-2110	**आधुनिक काल: इतिहास एवं रचनाएँ- 1**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-2120	**हिंदी कहानी-1**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-MC-2110	**हिंदी आत्मकथा और जीवनी**	4	3	1	0	60	20	80	100
XXX-MD-1310	**कम्प्यूटर-अनुप्रयोग : तकनीकी संसाधन एवं उपकरण**	3	2	1	0	45	20	80	100
HIN-XXX-SE-0030	**राजभाषा हिदी : अवधारणा एवं अनुप्रयोग**	3	2	1	0	45	20	80	100
EVS-VA-1130	अन्य विभागों द्वारा तैयार की जायेगी। विद्यार्थी अपने पसंद के विषय में तैयार पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं।	2	1	1	0	30	20	80	100

चतुर्थ सत्र									
पाठ्यक्रम कोड	**पाठ्यक्रम का शीर्षक**	**कुल क्रेडिट**	**क्रेडिट**			**संवाद अवधि**	**आतंरिक परीक्षा अंक**	**सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/प्रयोगात्मक)**	**कुल अंक**
			L	**T**	**P**				
HIN-CC-2210	हिंदी भाषा एवं भाषा विज्ञान	4	3	1	0	60	20	80	100

HIN-CC-2220	**हिंदी नाटक**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-2230	**कथेतर गद्य साहित्य**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-2240	**हिंदी भक्ति काव्य**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-MC-3210	**आधुनिक हिंदी कविता**	4	3	1	0	60	20	80	100

1. चतुर्थ सत्र के समाप्त होने के पश्चात 80 क्रेडिट अंक प्राप्त करने वाला कोई विद्यार्थी यदि पाठ्यक्रम को छोड़ना चाहे तो उसे उक्त विषय में स्नातक डिप्लोमा की उपाधि दी जाएगी, बशर्ते उसे इन दो वर्षों में व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित 4 क्रेडिट वाला प्रशिक्षण/ समर इंटर्नशिप को पूरा करना होगा।
2. वे विद्यार्थी जो तीन वर्षीय स्नातक या चार वर्षीय स्नातक उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें भी पंचम सत्र तक व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित 4 क्रेडिट वाला प्रशिक्षण/ समर इंटर्नशिप को पूरा करना होगा।

पंचम सत्र

पाठ्यक्रम कोड	**पाठ्यक्रम का शीर्षक**	**कुल क्रेडिट**	**क्रेडिट**			**संवाद अवधि**	**आतंरिक परीक्षा अंक**	**सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/प्रयोगात्मक)**	**कुल अंक**
			L	**T**	**P**				
HIN-CC-3110	**भारतीय काव्यशास्त्र**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-3120	**आधुनिक काल: इतिहास एवं रचनाएँ- 2**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-3130	**प्रयोजनमूलक हिन्दी**	4	3	1	0	60	20	80	100

HIN-CC-3140	**लोक साहित्य**	2	1	1	0	30	20	80	100
HIN-MC-4110	**प्रवासी साहित्य**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-IN-5110	**प्रशिक्षण / इंटर्नशिप**	2	1	1	0	30	20	80	100
षष्ठ सत्र									
पाठ्यक्रम कोड	**पाठ्यक्रम का शीर्षक**	**कुल क्रेडिट**	**क्रेडिट**			**संवाद अवधि**	**आतंरिक परीक्षा अंक**	**सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/प्रयोगात्मक)**	**कुल अंक**
			L	**T**	**P**				
HIN-CC-3210	**पाश्चात्य काव्यशास्त्र**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-3220	**छायावाद**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-3230	**प्रेमचन्द**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-3240	**मीडिया के विविध आयाम**	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-MC-4210	**राष्ट्रीय चेतना का साहित्य**	4	3	1	0	60	20	80	100

षष्ठ सत्र अथवा तीन वर्ष की पढ़ाई पूर्ण होने के पश्चात 120 क्रेडिट अर्जित करने वाला कोई छात्र यदि पाठ्यक्रम से निकास लेना चाहे तो उसे स्नातक की उपाधि प्रदान की जायेगी।

सप्तम सत्र									
पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	कुल क्रेडिट	क्रेडिट			संवाद अवधि	आतंरिक परीक्षा अंक	सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/प्रयोगात्मक)	कुल अंक
			L	T	P				
HIN-CC-4110	हिन्दी साहित्य का इतिहास (आदिकाल से रीतिकाल तक)	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-4120	आदिकालीन साहित्य एवं निर्गुण भक्ति काव्य	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-4130	भारतीय काव्यशास्त्र	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-4140	कहानी एवं अन्य गद्य विधाएँ	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-MC-4150	भारतीय साहित्य	4	3	1	0	60	20	80	100

अष्टम सत्र									
पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	कुल क्रेडिट	क्रेडिट			संवाद अवधि	आतंरिक	सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/प्रयो	कुल अंक
			L	T	P				

							परीक्षा अंक	गात्मक)	
HIN-CC-4210	हिंदी साहित्य का इतिहास: आधुनिक काल	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-4220	सगुण भक्ति काव्य एवं रीति काव्य	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-4230	आधुनिक काव्य	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-CC-4240	हिन्दी नाटक एवं निबंध	4	3	1	0	60	20	80	100
HIN-MC-4250	अनुवाद विज्ञान : सिद्धांत एवं प्रविधि	4	3	1	0	60	20	80	100

योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (Ability Enhancement Course) AEC

सत्र	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	कुल क्रेडिट	क्रेडिट			संवाद अवधि	आतंरिक परीक्षाअंक	सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/ प्रयोगात्मक)	कुल अंक
				L	T	P				
प्रथम	**XXX-AE-1110**	लेखन कौशल	4	3	1	0	60	20	80	100
द्वितीय	**XXX-AE-1210**	पटकथा तथा संवाद लेखन	4	3	1	0	60	20	80	100

हिंदी सामान्य (Hindi Minor) MC

सत्र	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	कुल क्रेडिट	क्रेडिट			संवाद अवधि	आतंरिक परीक्षांक	सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/ प्रयोगात्मक)	कुल अंक
				L	T	P				
प्रथम	**HIN-MC-1110**	हिंदी सामान्य	4	3	1	0	60	20	80	100
द्वितीय	**HIN-MC-1111**	गद्य साहित्य : कहानी एवं उपन्यास	4	3	1	0	60	20	80	100
तृतीय	**HIN-MC-2110**	हिंदी आत्मकथा और जीवनी	4	3	1	0	60	20	80	100
चतुर्थ	**HIN-MC-3210**	आधुनिक हिंदी कविता	4	3	1	0	60	20	80	100
पंचम	**HIN-MC-4110**	प्रवासी साहित्य	4	3	1	0	60	20	80	100
षष्ट	**HIN-MC-4210**	राष्ट्रीय चेतना का साहित्य	4	3	1	0	60	20	80	100
सप्तम	**HIN-RC-5110**	शोध प्रविधि	4	3	1	0	60	20	80	100
अष्टम	**HIN-RC-5210**	शोध एवं प्रकाशन नैतिकता	4	3	1	0	60	20	80	100

कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (Skill Enhancement Course)SEC

सत्र	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	कुल क्रेडिट	क्रेडिट			संवाद अवधि	आतंरिक परीक्षांक	सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/ प्रयोगात्मक)	कुल अंक
				L	T	P				
प्रथम	XXX-SE-0010	हिंदी शिक्षण	3	2	1	0	45	20	80	100
द्वितीय	XXX-SE-0020	सृजनात्मक लेखन	3	2	1	0	45	20	80	100
तृतीय	XXX-SE-0030	राजभाषा हिंदी : अवधारणा एवं अनुप्रयोग	3	2	1	0	45	20	80	100

अंतर अनुशासनात्मक पाठ्यक्रम (Multidisciplinary Course)MD

सत्र	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	कुल क्रेडिट	क्रेडिट			संवाद अवधि	आतंरिक परीक्षांक	सत्रांत परीक्षा (सैद्धांतिकी/ प्रयोगात्मक)	कुल अंक
				L	T	P				
प्रथम	XXX-MD-1110	राष्ट्रीय चेतना की कविता	3	2	1	0	45	20	80	100
द्वितीय	XXX-MD-1210	साहित्य और सिनेमा	3	2	1	0	45	20	80	100

तृतीय	**XXX-MD-1310**	कंप्यूटर अनुप्रयोग : तकनीकी संसाधन एवं उपकरण	3	2	1	0	45	20	80	100

पाठ्यक्रम का शैक्षिक उद्देश्य [Programme Educational Objective (PEO)]

1. विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य के इतिहास और परम्परा से परिचित कराना।
2. विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के उद्भव और विकास सेअवगत कराना।
3. विद्यार्थियों को साहित्य सिद्धांत और साहित्य समालोचना से परिचित कराना।
4. विद्यार्थियों को विभिन्न कालखंडों की हिंदी कविता और उनके रचनाकारों के बारे में जानकारी देना।
5. विद्यार्थियों को विभिन्न कालखंडों के हिंदी गद्यतथा उनके रचनाकारों से अवगत कराना।
6. राष्ट्रीय चेतना की कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय संस्कृति के प्रति चेतना जागृत करना।
7. विद्यार्थियोंमेंप्रयोजनमूलक हिंदी के अध्ययन द्वारा हिंदी शिक्षण और लेखन कौशल को प्रोत्साहित करना।
8. भारतीय साहित्य के अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थियों में बहुभाषिकता एवं बहु सांस्कृतिकता की भावना का विकास होगा।
9. लोक साहित्य के अध्ययन के माध्यम से लोक साहित्य के संग्रहण और विश्लेषण को बढ़ावा देना साथ ही अरुणाचल प्रदेश के लोक साहित्य के अध्ययन को प्रोत्साहित करना।
10. पटकथा लेखन, समाचार लेखन, दृश्य-श्रव्य माध्यम लेखन एवंविज्ञापन लेखन के माध्यम से विद्यार्थियों में रोजगारपरकता को बढ़ावा मिलेगा।
11. प्रवृत्ति केन्द्रित एवं साहित्यकार केन्द्रित पत्रों के अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति गहरी अभिरुचि पैदा करना।
12. विद्यार्थियोंकोविभिन्न शोध प्रविधियों से अवगत कराना।
13. शोध एवं प्रकाशन नैतिकता के अध्ययन से विद्यार्थियों को शोध के दार्शनिक और नैतिक पक्ष से अवगत कराना।
14. भाषा और साहित्य में मात्रात्मक और गुणात्मक अनुसंधान के बारे में विद्यार्थियोंको परिचित कराना।
15. विद्यार्थियों को पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में विद्यमान रोज़गार की संभावनाओं से परिचित कराना।
16. साहित्य में चल रहे विमर्शों के माध्यम से नवीन विमर्शों के महत्त्व के प्रति छात्रों में जागरूकता का प्रसार।
17. साहित्य के तुलनात्मक अध्ययन तथा प्रवासी साहित्य अध्ययन को प्रोत्साहित करना।
18. विद्यार्थियोंको अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों का विश्लेषण करने और एक अनुसंधान परियोजना लिखने में सक्षम बनाना।
19. साहित्य अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनशीलता को संवर्धित करना।
20. साहित्य के महत्व और उसकी सार्थकता को स्पष्ट करना।
21. उच्च शिक्षा में शोध की महत्ता और शोध के क्षेत्र में अवदान के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा शोध के प्रति आकर्षण पैदा करना।
22. साहित्य के आस्वादन और मूल्यांकन से सम्बंधित विवेक को जागृत करना।
23. इंटर्नशिप कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षित करना।

पाठ्यक्रम की उपलब्धियाँ [Programme Outcomes (PO)]

1. विद्यार्थी हिंदी साहित्य के अध्ययन के माध्यम से उसके इतिहास, साहित्यिक रूपों, विविध विधाओं तथा भाषा का ज्ञान अर्जित कर सकेंगे। इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से वे आदिकालीन, मध्यकालीन और आधुनिककालीन कवियों एवं रचनाकारों की कृतियों का अध्ययन-विश्लेषण कर सकेंगे। इसके साथ ही विद्यार्थी राष्ट्रीय चेतना तथा देशप्रेम के विविध आयामों से सम्बंधित साहित्य से परिचित हो सकेंगे। इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से विद्यार्थियों में समावेशी और समता की भावना का विकास होगा। इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से वे एक आदर्श नागरिक के रूप में विकसित होंगे तथा एक बेहतर समाज बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे और इस प्रकार देश के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दे सकेंगे।

2. इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से विद्यार्थियों में सृजनात्मक कल्पनाशीलता तथा नवीन विचारों की उद्भावना होगी जिसके माध्यम से वे साहित्य और समाज के मूल्यों को समझने में समर्थ होंगे। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी रचनात्मक लेखन के आवश्यक गुणों का अध्ययन करते हुए साहित्य की विविध विधाओं की आधारभूत संरचनाओं के व्यावहारिक पक्ष को समझने में पारंगत हो सकेंगे।

3. इस पाठ्यक्रम के अध्ययनोपरांत विद्यार्थी साहित्यशास्त्रीय कला-विधान तथा साहित्य की विभिन्न विधाओं के रचनात्मक सौंदर्य को आत्मसात कर सकेंगे। समय-समय पर उद्भावित साहित्यशास्त्रीय आलोक में काव्य-सौंदर्य के विभिन्न तत्वों से परिचित हो सकेंगे। विद्यार्थी भारतीय एवं पाश्चात्य साहित्य के विभिन्न साहित्यशास्त्रीय सिद्धांतों और विचारधाराओं को समझने में सक्षम हो सकेंगे।

4. विद्यार्थी हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल के विभिन्न काव्यान्दोलनों, विमर्शों, आलोचना की परंपरा और दृष्टियाँ, लोक-साहित्य एवं प्रवासी साहित्य की अवधारणा और उसके स्वरूप से अवगत हो सकेंगे। इसी के साथ विद्यार्थी लेखन कौशल के विविध रूपों, भाषागत रचनात्मक सन्दर्भों, व्याकरणिक विधानों, अनुवाद, भाषिक एवं तकनीकी रूपान्तरणों इत्यादि से परिचित हो सकेंगे। विद्यार्थी पारम्परिक एवं आधुनिक संचारमाध्यमों के लेखन व संपादन विधि का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे तथा राजभाषा हिंदी की विभिन्न प्रयुक्तियों, प्रयोजनमूलक पक्षों और मीडिया आयामों को समझने में समर्थ हो सकेंगे।

पाठ्यक्रम की विशिष्ट उपलब्धियाँ Programme Specific Outcomes (PSOs)

PSO1. विद्यार्थी हिंदी साहित्य के इतिहास, रचनाकारों, रचनाओं के मूल तत्त्वों एवं विचार-सरणियों का कालानुक्रम के अनुसार अध्ययन कर सकेंगे। वे अवधारणात्मक सिद्धांतों, विधागत सन्दर्भों, क्षेत्रीय-राष्ट्रीय चेतनागत विमर्शों तथा वैचारिकी आदि का अध्ययन कर सकेंगे तथा अपना बहुआयामी विकास एवं बौद्धिक मूल्य संवर्द्धन करने में सक्षम हो सकेंगे।

PSO2. हिंदी साहित्य के विभिन्न पाठों, विधाओं और मौलिक कृतियों के सृजनात्मक, संज्ञानात्मक तथा आलोचनात्मक पक्षों से अवगत होते हुए विद्यार्थी अपने व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में मानवीय एवं लोकतान्त्रिक मूल्यों की स्थापना एवं प्रतिष्ठा कर पाने में समर्थ हो सकेंगे।

PSO3. विद्यार्थी भारतीय एवं पाश्चात्य साहित्य-शास्त्र के सिद्धांतों और विचारों का अध्ययन कर सकेंगे। हिंदी साहित्य की रचनाधर्मिता और जनपक्षधरता को सामाजिक-सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य के आलोक में जान सकेंगे तथा इतिहास एवं लोक-परम्परा में अनुस्यूत वृत्तांतों, दृष्टान्तों और मिथकीय चेतनागत विशिष्टताओं को समझ सकेंगे।

PSO4. विद्यार्थी लेखन कौशल के विविध रूपों, रचनात्मक सन्दर्भों, व्याकरणिक विधानों, अनुवाद, भाषिक एवं तकनीकी रूपान्तरणों इत्यादि का रोजगारपरक दृष्टिकोण से अंतरानुशासनिक तथा नवाचारी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

PSO5. विद्यार्थियों में मानवीय गुणों का विकास होगा तथा वे हिंदी साहित्य के मूल्य-बोध को आत्मसात करेंगे। वे सामाजिक जीवन और व्यक्तिगत जीवन में भूमिका-निर्वाह की दृष्टि से सार्वजनीन एवं उदात्त गुणधर्म सीख एवं जान सकेंगे।

प्रथम सत्र

HIN-CC-1110

हिंदी साहित्य : आदिकाल से भक्तिकाल

(इतिहास एवं रचनाएँ)

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी हिंदी साहित्य के आदिकाल की युगीन परिस्थितियों, प्रवृत्तियों एवं प्रमुख कवियों के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

LO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी चंदबरदाई और अमीर खुसरो की चयनित रचनाओं की व्याख्या, समीक्षा तथा दोनों रचनाकारों की काव्यगत विशेषताओं का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

LO3. विद्यार्थी कबीर और जायसी की काव्य-दृष्टि एवं काव्य-वैभव से परिचित हो सकेंगे। साथ ही कबीर की भक्ति भावना और पद्मावत के सन्दर्भ में सूफी काव्य-परम्परा का परिचय प्राप्त कर सकेंगे।

LO4. विद्यार्थी सूरदास और तुलसीदास की भक्ति-भावना, वात्सल्य, समन्वय-भावना तथा अन्य काव्यगत विशेषताओं से परिचित हो सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों ने हिंदी साहित्य के आदिकाल की युगीन परिस्थितियों, प्रवृत्तियों एवं प्रमुख कवियों के बारे में ज्ञान प्राप्त किया।

CO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों ने चंदबरदाई और अमीर खुसरो की चयनित रचनाओं की व्याख्या, समीक्षा तथा दोनों रचनाकारों की काव्यगत विशेषताओं का ज्ञान प्राप्त किया।

CO3. विद्यार्थी कबीर और जायसी की काव्य-दृष्टि एवं काव्य-वैभव से परिचित हुए। साथ ही कबीर की भक्ति-भावना और पद्मावत के सन्दर्भ में सूफी काव्य-परम्परा का परिचय प्राप्त किया।

CO4. विद्यार्थी सूरदास और तुलसीदास की भक्ति-भावना, वात्सल्य, समन्वय-भावना तथा अन्य काव्यगत विशेषताओं से परिचित हुए।

इकाई	विषय	संवाद-अवधि (घंटों में)	उपलब्धियाँ (Course Outcome)
1	**आदिकाल:** साहित्य का इतिहास: काल विभाजन, सीमा-निर्धारण और नामकरण, आदिकालीन साहित्य की परिस्थितियाँ एवं प्रवृत्तियाँ। **भक्तिकाल:** भक्तिकाल की पृष्ठभूमि; परिस्थितियाँ; वर्गीकरण तथा सामान्य प्रवृत्तियाँ, निर्गुण एवं सगुण काव्यधाराओं की ज्ञानाश्रयी, प्रेमाश्रयी, कृष्णाश्रयी तथा रामाश्रयी काव्यधाराओं का परिचय तथा विशेषताएँ।	30	C1
2	**क. चन्दबरदाई :** पुस्तक: आदिकालीन काव्य – सं. डॉ. वासुदेव सिंह, विश्वविद्यालय प्रकाशन) अथ पद्मावती समय : प्रारंभ से 10 (दस) पद। आलोचना: पृथ्वीराज रासो का काव्य-सौन्दर्य, रासो की प्रामाणिकता, अथ पद्मावती समय का काव्य-सौन्दर्य। **ख. अमीर खुसरो :** (पाठ्य पुस्तक: अमीर खुसरो: व्यक्तित्व और कृतित्व – परमानन्द पांचाल) • कव्वाली- घ (1) • दोहे :– (1) गोरी सोवे सेज पर (2) खुसरो रैन सुहाग की (3) देख मैं (4) चकवा-चकवी (5) सेज सुनी	30	C2

3	पाठ्य-पुस्तकः प्राचीन काव्य संग्रह; सम्पा.- राजदेव सिंह; वाणी प्रकाशन, दिल्ली **क. कबीर :** पाठांश: प्रारम्भ के पाँच सबद आलोचना : कबीर की भक्ति ; सामाजिक चेतना; काव्य रूप **ख. जायसी :** पाठांश : उपसंहार खण्ड आलोचना : सूफी काव्य परम्परा और पद्मावत ; जायसी का काव्य-वैभव	30	C3
4	**क. सूरदासः** पाठ्य पुस्तकः प्राचीन काव्य संग्रह; सम्पा.- राजदेव सिंह; वाणी प्रकाशन, दिल्ली। पाठांश : विनय के पद - 1, 5 तथा भ्रमरगीत प्रसंग- पद संख्या: 3,4,5,6,7 तथा 8 आलोचना : सूर की भक्ति-भावना ; वात्सल्य वर्णन; भ्रमरगीत काव्य परम्परा **ख. तुलसीदास :** पाठ्यपुस्तक : काव्य-वैभव : सं. दूधनाथ सिंह, लोकभारती प्रकाशन पाठांश : समस्त पद । आलोचना : भक्ति-भावना; काव्यगत विशेषताएँ; समन्वय- भावना	30	C4
कुल संवाद-अवधि		120	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	3	2	2	-	3	2	2	-	3
CO2	3	3	2	1	3	3	3	1	3
CO3	3	3	2	2	3	3	3	2	3
CO4	3	3	2	2	3	3	3	2	3
Average	3	2.75	2	1.25	3	2.75	2.75	1.25	3

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देशः

1. इकाई 2, 3 तथा इकाई 4 से व्याख्या पूछी जायेगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 8x3 = 24

2. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 14x4= 56

सहायक ग्रन्थः

1.	हिन्दी साहित्य का इतिहास	: रामचन्द्र शुक्ल
2.	हिन्दी साहित्य का इतिहास	: सं. डॉ. नगेन्द्र, डॉ. हरदयाल
3.	हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास	: डॉ. रामकुमार वर्मा
4.	हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहासः दो खण्ड	: डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त
5.	हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास	: डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी
6.	हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास	: डॉ. बच्चन सिंह
7.	हिन्दी साहित्यः उद्भव और विकास	: डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी
8.	अमीर खुसरो और उनका हिंदी साहित्य	: भोलानाथ तिवारी
9.	कबीर	: हजारीप्रसाद द्विवेदी
10.	सूरदास	: नंददुलारे वाजपेयी
11.	भ्रमरगीत सार	: सं. रामचन्द्र शुक्ल
12.	जायसी ग्रंथावली	: सं. रामचन्द्र शुक्ल
13.	गोस्वामी तुलसीदास	: रामचन्द्र शुक्ल

प्रथम सत्र

HIN-MC-1110

सामान्य हिंदी

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी हिंदी साहित्य के इतिहास के विभिन्न कालों की परिस्थितियों एवं प्रवृत्तियों का सामान्य परिचय प्राप्त कर सकेंगे।

LO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी कबीरदास, सूरदास और तुलसीदास के चयनित काव्यांशों की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन कर सकेंगे।

LO3. विद्यार्थी प्रेमचंद, उषा प्रियंवदा और मोहन राकेश की चयनित कहानियों की समीक्षा कर सकेंगे तथा कहानीकारों की कहानी-कला से अवगत हो सकेंगे।

LO4. विद्यार्थी हिंदी व्याकरण के विभिन्न अवयवों से परिचित हो सकेंगे तथा पत्र लेखन और निबंध लेखन के कौशल से अवगत हो सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने हिंदी साहित्य के इतिहास के विभिन्न कालों की परिस्थितियों एवं प्रवृत्तियों का सामान्य परिचय प्राप्त किया।

CO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने कबीरदास, सूरदास और तुलसीदास के चयनित काव्यांशों की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन किया।

CO3. विद्यार्थियों ने प्रेमचंद, उषा प्रियंवदा और मोहन राकेश की चयनित कहानियों की समीक्षा की तथा कहानीकारों की कहानी-कला से अवगत हुए।

CO4. विद्यार्थियों ने हिंदी व्याकरण के विभिन्न अवयवों से परिचित प्राप्त किया तथा पत्र लेखन और निबंध लेखन के कौशल से अवगत हुए।

इकाई	**विषय**	**संवाद अवधि** (घंटों में)	**उपलब्धियाँ (Course Outcome)**
1	हिंदी साहित्य का इतिहास: सामान्य परिचय ; आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल और आधुनिक काल का सामान्य परिचय।	30	C1

2	**कविता** ● कबीर : पाठ्य पुस्तक : कबीर ग्रंथावली, संपादक : डॉ. श्यामसुन्दर दास पाठ्य अंश : 'गुरुदेव को अंग' साखी संख्या 1 से 10 तक ● सूरदास : पाठ्य पुस्तक: सूरसागरसार, संपादक : डॉ. धीरेन्द्र वर्मा पाठ्य अंश: 'गोकुल लीला' पद संख्या : 7, 18, 19, 20, 21 ● तुलसीदास : पाठ्य पुस्तक : कवितावली, गीता प्रेस, गोरखपुर पाठ्य अंश : 'बाल काण्ड' पद संख्या : 1, 3, 4, 5, 7	30	C2
3	**कहानी** ● प्रेमचंद : सवा सेर गेहूँ ● उषा प्रियंवदा : वापसी ● मोहन राकेश : मलबे का मालिक	30	C3
4	**हिंदी व्याकरण और रचना:** **व्याकरण :**लिंग निर्णय, वचन, काल, वाक्य-शुद्धि, विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द, संधि, समास, वर्तनी, शुद्धि-अशुद्धि, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ। **पत्र-लेखन, निबंध-लेखन** *(निबंध के लिए विषय : विज्ञान से सम्बंधित विषय, पर्यावरण से सम्बंधित विषय, साहित्य से सम्बंधित विषय, सामाजिक समस्याओं से सम्बंधित विषय तथा अरुणाचल प्रदेश से सम्बंधित विषय)*।	30	C4
	कुल संवाद-अवधि	**120**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	3	3	2	3	3	2	2	1	3
CO2	3	3	2	1	3	3	2	2	3
CO3	3	3	2	3	3	3	3	1	3
CO4	1	2	3	3	1	1	1	3	2
Average	2.50	2.75	2.25	2.50	2.50	2.25	2	1.75	2.75

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देशः

1. इकाई 2 तथा 3 से व्याख्या पूछी जायेगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 8x2 = 16

2. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनकेविकल्प भी होंगे। 12x4= 48

3. इकाई 4 के व्याकरण वाले भाग से चार-चार अंक के चार प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 4x4 =16

सहायक ग्रन्थः

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास : रामचन्द्र शुक्ल
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास : सं डॉ. नगेन्द्र , डॉ. हरदयाल
3. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास : डॉ. रामकुमार वर्मा
4. कबीर : हजारीप्रसाद द्विवेदी
5. सूरदास : रामचन्द्र शुक्ल
6. सुर साहित्य : हजारीप्रसाद द्विवेदी
7. तुलसी और उनका युग : राजपति दीक्षित
8. गोस्वामी तुलसीदास : हजारीप्रसाद द्विवेदी
9. कहानी नयी कहानी : नामवर सिंह
10. हिंदी कहानी का विकास : मधुरेश
11. हिंदी व्याकरण और रचना : वासुदेव नंदन प्रसाद
12. हिंदी व्याकरण : कामता प्रसाद गुरु

प्रथम सत्र

HIN-MD-1110

राष्ट्रीय चेतना की कविता

संवाद-अवधि	: 90
क्रेडिट	: 3
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. **:** इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय चेतना के स्वरूप से अवगत कराया जायेगा। राष्ट्रीय चेतना की कविताओं के तात्त्विक विवेचन तथा उसमें अभिव्यक्त देश प्रेम के विविध आयामों का अध्ययन कराया जायेगा।

LO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' तथा मैथिलीशरण गुप्त की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन कर सकेंगे।

LO3. विद्यार्थी सुभद्रा कुमारी चौहान और रामनरेश त्रिपाठी विरचित चयनित कविताओं की व्याख्या और आलोचना का अध्ययन कर सकेंगे।

LO4. विद्यार्थी माखनलाल चतुर्वेदी और जयशंकर प्रसाद की चयनित राष्ट्रीय भावना से सम्बंधित कविताओं की व्याख्या एवं मीमांसा से अवगत हो सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी राष्ट्रीय चेतना के स्वरूप से अवगत हुए। राष्ट्रीय चेतना की कविताओं के तात्त्विक विवेचन तथा उसमें अभिव्यक्त देश प्रेम के विविध आयामों का अध्ययन किया।

CO2. इस पत्र के अध्ययन के द्वारा विद्यार्थियों ने अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' तथा मैथिलीशरण गुप्त की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा की।

CO3. विद्यार्थियों ने सुभद्रा कुमारी चौहान और रामनरेश त्रिपाठी विरचित चयनित कविताओं की व्याख्या की तथा आलोचना का अध्ययन किया।

CO4. विद्यार्थी माखनलाल चतुर्वेदी और जयशंकर प्रसाद की चयनित राष्ट्रीय चेतना की कविताओं की व्याख्या एवं मीमांसा से अवगत हुए।

इकाई	विषय	संवाद अवधि (घंटों में)	उपलब्धियाँ (Course Outcome)
1	राष्ट्रीय चेतना : परिभाषा और स्वरूप, राष्ट्रीय चेतना की कविता का तात्विक विवेचन, राष्ट्रीय चेतना की कविता में देश प्रेम के विविध आयाम, हिंदी साहित्य के विविध युगों में राष्ट्रीय चेतना का विकास।	18	C1
2	क. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' : कर्मवीर ख. मैथिलीशरण गुप्त : नर हो ना निराश करो मन को	24	C2
3	क. सुभद्रा कुमारी चौहान : झांसी की रानी ख. रामनरेश त्रिपाठी : वह देश कौन सा है	24	C3
4	क. माखनलाल चतुर्वेदी : पुष्प की अभिलाषा ख.जयशंकर प्रसाद : भारत महिमा	24	C4
	कुल संवाद-अवधि	**90**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	3	3	2	3	3	2	3	2	3
CO2	3	3	2	3	3	3	3	1	3
CO3	3	3	2	3	3	3	3	1	3
CO4	3	3	2	3	3	3	3	1	3
Average	3	3	2	3	3	2.75	3	1.25	3

कार्य-सम्पादन- पद्धति: व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देश:

1. इकाई 2, 3 तथा 4 से व्याख्या पूछी जायेगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 8x3=24
2. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 14x4= 56

सहायक ग्रंथ-

1. अतीत के हंस	: मैथिलीशरण गुप्त, प्रभाकर श्रोत्रिय
2. जयशंकर प्रसाद	: नंददुलारे वाजपेयी
3. सुभद्रा कुमारी चौहान	: साहित्य अकादमी
4. पंत, प्रसाद और मैथिलीशरण गुप्त	: रामधारी सिंह दिनकर
5. हरिऔध और उनका साहित्य	: मुकुंददेव शर्मा
6. रामनरेश त्रिपाठी	: इंदरराज वैद 'अधीर'
7. राष्ट्रीय नवजागरण और साहित्य	: वीरभारत तलवार
8. भारतेंदु हरिश्चन्द्र	: मदन गोपाल
9. भारतेंदु हरिश्चन्द्र	: ब्रजरत्न दस
10. माखनलाल चतुर्वेदी	: साहित्य अकादमी
11. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'	: साहित्य अकादमी

प्रथम सत्र

HIN-AE-1110

लेखन कौशल

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. **:** इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी लेखन-कौशल से अवगत हो सकेंगे।

LO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी लेखन के विविध रूपों, जैसे-गद्य-पद्य, नाटक-एकांकी, समाचार, पत्र लेखन आदि से परिचित हो सकेंगे।

LO3. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी रचनात्मक लेखन के लिए आवश्यक गुणों का अध्ययन कर सकेंगे।

LO4. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी विविध साहित्यिक विधाओं की आधारभूत संरचनाओं के व्यावहारिक पक्ष से परिचित हो सकेंगे तथा विभिन्न विधाओं में लेखन का अभ्यास कर सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के अध्ययन के द्वारा विद्यार्थी लेखन-कौशल की कला से अवगत हुए।

CO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी लेखन के विविध रूपों, जैसे- गद्य-पद्य, नाटक-एकांकी, समाचार, पत्र-लेखन आदि से परिचित हुए।

CO3. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों ने रचनात्मक लेखन के लिए आवश्यक गुणों का अध्ययन किया तथा व्याकरणिक रूप से शुद्ध हिन्दी लेखन में कुशलता प्राप्त की।

CO4. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी विविध साहित्यिक विधाओं की आधारभूत संरचनाओं के व्यावहारिक पक्ष से परिचित हुए तथा विभिन्न विधाओं में लेखन का अभ्यास भी किया।

इकाई	**विषय**	**संवाद अवधि** (घंटों में)	**उपलब्धियाँ (Course Outcome)**
1	लेखन कौशल : स्वरूप एवं सिद्धांत, लेखन कौशल का महत्व एवं विशेषताएँ।	30	C1

2	लेखन के विविध रूप : मौखिक-लिखित, गद्य-पद्य, नाटक-एकांकी, समाचार, पत्र लेखन।	30	C2
3	लेखन कौशल: भाषा प्रयोग, शब्द चयन, व्याकरणिक कोटियाँ, रचनात्मक लेखन के लिए आवश्यक गुण।	30	C3
4	शिक्षण : विविध साहित्यिक विधाओं की आधारभूत संरचनाओं का व्यावहारिक पक्ष तथा विभिन्न विधाओं में लेखन का अभ्यास।	30	C4
कुल संवाद-अवधि		**60**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	1	3	2	3	1	2	2	3	2
CO2	3	3	2	3	1	2	2	3	2
CO3	1	3	2	3	1	2	2	3	2
CO4	2	3	2	3	2	3	2	3	3
Average	1.75	3	2	3	1.25	2.25	2	3	2.25

कार्य-सम्पादन- पद्धति: व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देश:

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 14x4= 56
2. कुल पाँच टिप्पणियाँ पूछी जायेंगी, जिनमें से किन्हीं दो का उत्तर लिखना होगा। 7x2= 14

सहायक ग्रंथ :

1. रचनात्मक लेखन : सं. रमेश गौतम
1. हिंदी वाक्य विन्यास : सुधा कश्यप
2. संचार भाषा हिंदी : सूर्यप्रसाद दीक्षित
3. लेखन कला और रचना कौशल : परिकल्पना प्रकाशन

प्रथम सत्र

HIN-SE-0010

हिंदी शिक्षण

संवाद-अवधि	: 90
क्रेडिट	: 3
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs),

LO1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी सम्पादक के नाम पत्र, सम्पादकीय लेखन, स्तम्भ लेखन, पत्र-पत्रिकाओं के लिये आलेख रचना, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन हेतु वार्ता, साक्षात्कार एवं परिचर्चा तैयार करने की विधियों से अवगत हो सकेंगे।
LO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी कार्यालयी पत्राचार के विविध रूपों से परिचित हो सकेंगे।
LO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया एवं न्यू-मीडिया लेखन की विभिन्न विधियों तथा हिंदी भाषा के तकनीकी प्रयोगों से परिचय प्राप्त कर सकेंगे।

LO4. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को सृजनात्मक लेखन की विभिन्न साहित्यिक विधाओं एवं उनके स्वरूप की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी सम्पादक के नाम पत्र, सम्पादकीय लेखन, स्तम्भ लेखन, पत्र-पत्रिकाओं के लिये आलेख रचना, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन हेतु वार्ता, साक्षात्कार एवं परिचर्चा तैयार करने की विधियों से अवगत हुए।
CO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी कार्यालयी पत्राचार के विविध रूपों से परिचित हुए।
CO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया एवं न्यू-मीडिया लेखन की विभिन्न विधियों तथा हिंदी भाषा के तकनीकी प्रयोगों से परिचय प्राप्त किया।
CO4. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को सृजनात्मक लेखन की विभिन्न साहित्यिक विधाओं एवं उनके स्वरूप की जानकारी प्राप्त हुई।

इकाई	**विषय**	**संवाद अवधि** (घंटों में)	**उपलब्धियाँ (Course Outcome)**
1	**आलेख रचना** सम्पादक के नाम पत्र, सम्पादकीय लेखन, स्तम्भ लेखन, पत्र-पत्रिकाओं के लिये आलेख रचना; आकाशवाणी एवं दूरदर्शन हेतु वार्ता, साक्षात्कार एवं परिचर्चा तैयार करने की विधियाँ।	24	C1
2	**व्यावहारिक लेखन** कार्यालयी पत्राचार; प्रेस विज्ञप्ति; सूचना ; ज्ञापन; कार्यसूची; कार्यवृत्त; प्रतिवेदन; सम्पादन; संक्षेपण; आत्मविवरण।	24	C2
3	**सोशल मीडिया लेखन**	18	C3

	सोशल मीडिया की अवधारणा, संचार के नवमाध्यम, न्यू मीडिया और समाज, सोशल मीडिया के विविध रूप, लेखन एवं व्यावहारिक प्रकृति।		
4	**सृजनात्मक लेखन** कविता, कहानी, नाटक तथा एकांकी, निबंध, संस्मरण, यात्रावृत्त का स्वरूप विवेचन।	24	C4
कुल संवाद-अवधि		**90**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	1	2	2	3	1	2	2	3	3
CO2	-	2	-	3	-	-	-	3	2
CO3	3	3	2	3	2	3	2	3	2
CO4	3	2	2	3	3	3	2	3	3
Average	1.75	2.25	1.50	3	1.50	2	1.50	3	2.50

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देश:

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 15x4= 60
2. प्रत्येक इकाई से टिप्पणी पूछी जायेंगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 5x4= 20

सहायक ग्रन्थ:

1. अच्छी हिन्दी : रामचन्द्र वर्मा
2. व्यावहारिक हिन्दी व्याकरण और रचना : हरदेव बाहरी
3. हिन्दी भाषा :डॉ. भोलानाथ तिवारी
4. रेडियो लेखन : मधुकर गंगाधर
5. टेलीविजनः सिद्धान्त और टैकनिक :मथुरादत्त शर्मा
6. प्रयोजनमूलक हिन्दी : डॉ. दंगल झाल्टे
7. सरकारी कार्यालयों में हिन्दी का प्रयोग : गोपीनाथ श्रीवास्तव, राजकमल, दिल्ली
8. टेलीविजन लेखन : असगर वजाहत / प्रेमरंजन ; राजकमल, दिल्ली
9. रेडियो नाटक की कला : डॉ. सिद्धनाथ कुमार, राजकमल, दिल्ली

10. रेडियो वार्ता-शिल्प : सिद्धनाथ कुमार, राजकमल, दिल्ली
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं पत्रकारिता : अशोक मलिक, हरियाणा साहित्य अकादमी
12. मीडिया और बाज़ार : वर्तिका नंदा, सामयिक प्रकाशन
13. नए समय में मीडिया : विनीत उत्पल, अपनी जुबान

द्वितीय सत्र

HIN-CC-1210

रीतिकाल: इतिहास एवं रचनाएँ

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. : इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी रीतिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि, परिस्थितियां एवं प्रमुख प्रवृत्तियाँ, अवधारणा तथा रीतिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराओं का परिचय प्राप्त कर सकेंगे।

LO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी केशव और मतिराम की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन करेंगे।

LO3. विद्यार्थी सेनापति और बिहारी विरचित चयनित कविताओं की व्याख्या और आलोचना का अध्ययन करेंगे।

LO4. विद्यार्थी घनानंद और भूषण की चयनित कविताओं की व्याख्या एवं मीमांसा से अवगत हो सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने रीतिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि, परिस्थितियां एवं प्रमुख प्रवृत्तियाँ, अवधारणा तथा रीतिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराओं का परिचय प्राप्त किया।

CO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने केशव और मतिराम की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन किया।

CO3. विद्यार्थियों ने सेनापति और बिहारी विरचित चयनित कविताओं की व्याख्या और आलोचना का अध्ययन किया।

CO4. विद्यार्थी घनानंद और भूषण की चयनित कविताओं की व्याख्या एवं मीमांसा से अवगत हुए।

इकाई	**विषय**	**संवाद अवधि** (घंटों में)	**उपलब्धियाँ (Course Outcome)**
1	रीति की अवधारणा और रीति काव्य, रीतिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि, परिस्थितियां एवं प्रमुख प्रवृत्तियाँ, रीतिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराएं : सामान्य परिचय, रीतिकालीन रचनाकार एवं रचनाएं, रीतिकालीन काव्य-भाषा।	30	C1
2	(क) केशव: पाठ्य पुस्तक: कविप्रिया – प्रिया प्रकाशन, लाला भगवानदीन पाठांश : तीसरा प्रभाव, छंद संख्या 1,2,4 तथा 5	30	C2

	आलोचना: कविप्रिया का काव्य सौन्दर्य, केशव की अलंकार-योजना (ख) मतिराम: पाठ्य पुस्तक: रीतिकाव्य संग्रह, डॉ. विजयपाल सिंह, लोकभारती प्रकाशन पाठांश: प्रारंभ से पाँच पद आलोचना: रीतिकालीन कवियों में मतिराम का स्थान, मतिराम की काव्य-कला		
3	(क) सेनापति: पाठ्य पुस्तक: रीतिकाव्य संग्रह, डॉ. विजयपाल सिंह, लोकभारती प्रकाशन पाठांश: पद संख्या :- 1,2,5,9 तथा 10 आलोचना: शृंगारिकता, काव्यगत विशेषताएँ (ख) बिहारी : पाठ्य पुस्तक : बिहारी रत्नाकर; सम्पादक: जगन्नाथदास रत्नाकर पाठ्य दोहे- 1, 2, 5, 6, 7,15,19, 20, 21 तक आलोचना: बिहारी की बहुज्ञता, सतसई परम्परा में बिहारी का स्थान	30	C3
4	(क) घनानन्द: पाठ्य पुस्तक : घनानन्द कवित्त; संपा.- आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र पाठांश : पद संख्या 1 से 5 तक आलोचना : प्रेम वर्णन, भाषा एवं काव्य-कला (ख) भूषण : पाठ्य पुस्तक : रीति काव्य धारा; संपा – रामचन्द्र तिवारी पाठ्य छंद - 9, 10, 11, 12, 15, 24 आलोचना: वीरता की कविता, भाषा एवं काव्य कला	30	C4
	कुल संवाद-अवधि		**120**

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	3	3	3	2	3	2	3	2	3
CO2	3	3	3	2	3	3	3	2	3
CO3	3	3	3	2	3	3	3	3	3
CO4	3	3	3	2	3	3	3	2	3
Average	3	3	3	2	3	2.75	3	2.25	3

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देशः

1. इकाई 2, 3 तथा 4 से व्याख्या पूछी जाएगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 8x3 = 24
2. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 14x4= 56

सहायक ग्रंथ :

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास : रामचन्द्र शुक्ल
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास : सं. डॉ. नगेन्द्र
3. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास : डॉ. रामकुमार वर्मा
4. रीतिकाव्य की भूमिका : डॉ. नगेन्द्र
5. बिहारी का नया मूल्यांकन : बच्चन सिंह
6. घनानंद और स्वच्छंद काव्यधारा : मनोहर लाल गौड़
7. बिहारी सतसई : जगन्नाथ दास रत्नाकर
8. रीतिकालीन काव्य सिद्धांत : डॉ. सूर्यनारायण द्विवेदी
9. भूषण और उनका साहित्य : राजमल बोरा
10. शिवराज-भूषण तथा प्रकीर्ण रचना : विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

द्वितीय सत्र

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

HIN-MC-1111

गद्य साहित्य : उपन्यास, नाटक एवं एकांकी

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. **:** इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को हिंदी उपन्यास, नाटक तथा एकांकी के उद्भव और विकास तथा तत्वों का ज्ञान प्राप्त होगा।

LO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी प्रेमचंद के उपन्यास 'निर्मला' का प्रतिपाद्य जान सकेंगे एवं समीक्षा कर सकेंगे तथा प्रेमचंद की उपन्यास कला से परिचित हो सकेंगे।

LO3. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी भारतेंदु हरिश्चंद की नाट्य-कला से अवगत हो सकेंगे और उनके नाटक 'अंधेर नगरी' का प्रतिपाद्य जान सकेंगे एवं समीक्षा कर सकेंगे।

LO4. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी डॉ. रामकुमार वर्मा की एकांकी 'औरंगजेब की आखिरी रात' का प्रतिपाद्य जान सकेंगे एवं समीक्षा कर सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. **:** इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को हिंदी उपन्यास, नाटक तथा एकांकी के उद्भव और विकास तथा तत्वों का ज्ञान प्राप्त हुआ।

CO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी प्रेमचंद के उपन्यास 'निर्मला' का प्रतिपाद्य जान सके एवं समीक्षा भी कर सके तथा प्रेमचंद की उपन्यास-कला से परिचित हुए।

CO3. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी भारतेंदु हरिश्चंद की नाट्य-कला से अवगत हुए और उनके नाटक 'अंधेर नगरी' का प्रतिपाद्य जान सके एवं समीक्षा कर सके।

CO4. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी डॉ. रामकुमार वर्मा की एकांकी 'औरंगजेब की आखिरी रात' का प्रतिपाद्य जान सके एवं समीक्षा कर सके।

इकाई	**विषय**	**संवाद अवधि** (घंटों में)	**उपलब्धियाँ (Course Outcome)**
1	उपन्यास :उपन्यास के तत्व; हिन्दी उपन्यास का उद्भव और विकास। नाटक :नाटक के तत्व; हिन्दी नाटक का उद्भव और विकास। एकांकी : हिंदी एकांकी का उद्भव और विकास तथा एकांकी के तत्व।	30	C1

2	**उपन्यासः** निर्मला : प्रेमचंद आलोचना : प्रेमचंद की उपन्यास-कला, पठित उपन्यास का प्रतिपाद्य, पठित उपन्यास की समीक्षा एवं चरित्र चित्रण।	30	C2
3	**नाटकः** अंधेर नगरी : भारतेंदु हरिश्चंद आलोचना : पठित नाटक की समीक्षा, प्रतिपाद्य एवं भारतेंदु हरिश्चंद की नाट्य-कला।	30	C3
4	**एकांकी :** औरंगजेब की आखिरी रात : डॉ. रामकुमार वर्मा आलोचना : पठित एकांकी की समीक्षा एवं प्रतिपाद्य।	30	C4
कुल संवाद-अवधि		**120**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	3	3	1	2	3	2	2	1	2
CO2	3	3	2	2	3	3	3	2	3
CO3	3	3	2	2	3	3	3	3	3
CO4	3	3	2	2	3	3	3	3	3
Average	3	3	1.75	2	3	2.75	2.75	2.25	2.75

कार्य-सम्पादन- पद्धति: व्याख्यान, विचार-विमर्श तथा सामग्री-समीक्षा आदि।

निर्देशः

1. पाठ्यक्रम की इकाई 2, 3 तथा 4 से व्याख्या पूछी जाएगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 8X3 = 24
2. सम्पूर्ण पाठ्यक्रम से चार आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। चारों प्रश्नों के लिये विकल्प भी होंगे। 14X4= 56

संदर्भ ग्रन्थः

1. प्रेमचन्द और उनका युग : रामविलास शर्मा
2. हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद : डॉ. त्रिभुवन सिंह
3. हिन्दी उपन्यास का विकास : मधुरेश
4. हिन्दी गद्य साहित्य : रामचन्द्र तिवारी
5. हिन्दी गद्यः विन्यास और विकास : रामस्वरूप चतुर्वेदी
6. उपन्यास का शिल्प : गोपाल राय
7. उपन्यास का यथार्थ और रचनात्मक भाषा : परमानंद श्रीवास्तव

द्वितीय सत्र

HIN-MD-1210

साहित्य और सिनेमा

संवाद-अवधि	: 90
क्रेडिट	: 3
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)-

LO1. **:** इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी साहित्य की विभिन्न विधाओं, उनके स्वरूप, शिल्प और संवेदना का अध्ययन कर सकेंगे।

LO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी हिंदी सिनेमा के इतिहास एवं हिंदी सिनेमा में प्रमुख पौराणिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक कृतियों के उपयोग का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

LO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी प्रमुख हिंदी उपन्यासकारों की कृतियों और उन पर बनी फिल्मों की समीक्षा कर सकेंगे।

LO4. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी प्रमुख हिंदी कहानीकारों की कृतियों और उन पर बनी फिल्मों की समीक्षा कर सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. **:** इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने साहित्य की विभिन्न विधाओं, उनके स्वरूप, शिल्प और संवेदना का अध्ययन किया।

CO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने हिंदी सिनेमा के इतिहास एवं हिंदी सिनेमा में प्रमुख पौराणिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक कृतियों के उपयोग का ज्ञान प्राप्त किया।

CO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रमुख हिंदी उपन्यासकारों की कृतियों और उन पर बनी फिल्मों की समीक्षा की।

CO4. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रमुख हिंदी कहानीकारों की कृतियों और उन पर बनी फिल्मों की समीक्षा की।

इकाई	**विषय**	**संवाद अवधि** (घंटों में)	**उपलब्धियाँ (Course Outcome)**
1	**साहित्य का अर्थ : क्षेत्र विस्तार** साहित्य की विधाएँ : कहानी, उपन्यास और नाटक, निबंध, आत्मकथा, संस्मरण, यात्रा वृतांत, जीवनी आदि , साहित्य के उपकरण : शिल्प और संवेदना।	24	C1
2	हिंदी सिनेमा का इतिहास, हिंदी सिनेमा में प्रमुख पौराणिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक कृतियों का उपयोग।	18	C2

3	भारतीय फिल्मों का विकास और हिंदी उपन्यास, हिंदी उपन्यास पर बनी फिल्म की समीक्षा।	24	C3
4	फिल्मों का विकास और हिंदी कहानी, हिंदी कहानियों पर बनी फिल्मों की समीक्षा।	24	C4
	कुल संवाद-अवधि		**90**

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	3	3	2	3	3	3	2	3	3
CO2	3	3	3	3	3	3	3	3	3
CO3	3	3	2	3	3	3	2	3	3
CO4	3	3	2	3	3	2	2	3	3
Average	3	3	2.25	3	3	2.75	2.25	3	3

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देश:

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प होंगे। 15x4= 60
2. प्रत्येक इकाई से टिप्पणी पूछी जायेगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 5x4 =20

सहायक ग्रंथ-

1. उत्तर आधुनिक मीडिया तकनीक : हर्षदेव
2. जनमाध्यम : पीटर गोल्डिंग
3. जनमाध्यम सैद्धांतिकी : जगदीश्वर चतुर्वेदी
4. सिनेमा और साहित्य : हरीश कुमार
5. 'वसुधा' पत्रिका : फिल्म विशेषांक
6. सिनेमा और संस्कृति : राही मासूम रज़ा
7. 'हंस' पत्रिका : फिल्म विशेषांक

द्वितीय सत्र

HIN-AE-1210

पटकथा तथा संवाद लेखन

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. **:** इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को पटकथा एवं संवाद लेखन की जानकारी प्राप्त हो सकेगी तथा वे पटकथा लेखन की कला को भली-भांति जान सकेंगे।

LO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमता तथा कल्पनाशक्ति का विकास होगा।

LO3. विद्यार्थी को कहानी, कविता, उपन्यास के दृश्य-रूपान्तरण करने की कला का ज्ञान होगा तथा उनमें संवाद-रचना कौशल का विकास हो सकेगा।

LO4. विद्यार्थियों में आधुनिक तकनीक के साथ पटकथा के संवादों में सामंजस्य स्थापित करने की कला का विकास होगा।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को पटकथा एवं संवाद लेखन की जानकारी प्राप्त हुई तथा वे पटकथा लेखन की कला से अवगत हुए।

CO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमता तथा कल्पनाशक्ति का विकास हुआ।

CO3. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी कहानी, कविता, उपन्यास के दृश्य-रूपान्तरण करने की कला से अवगत हुए तथा उनमें संवाद-रचना कौशल का विकास हुआ।

CO4. विद्यार्थियों में आधुनिक तकनीक के साथ पटकथा के संवादों में सामंजस्य स्थापित करने की कला का विकास हुआ।

इकाई	**विषय**	**संवाद अवधि** (घंटों में)	**उपलब्धियाँ (Course Outcome)**
1	पटकथा का अर्थ और परिभाषा, पटकथा लेखन में प्रतिभा, कल्पना और अभ्यास का महत्व।	30	C1
2	संवाद का अर्थ और पटकथा से संवाद का संबंध, कथा और पटकथा में अन्तर।	30	C2

3	पटकथा लेखन का स्वरूप : प्रस्तावना, संघर्ष और समाधान। पटकथा लेखन के चरण - प्रारंभ, मध्य-भाग और अंत।	30	C3
4	पटकथा और संवाद लेखन : पटकथा के फिल्मांकन की तकनीक, पटकथा-संवाद और संगीत ध्वनि का अंतर्संबंध।	30	C4
कुल संवाद-अवधि		**120**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	1	2	2	3	2	3	2	3	3
CO2	1	3	2	3	2	3	2	3	2
CO3	1	3	3	2	1	3	2	3	1
CO4	-	2	2	3	1	3	2	3	2
Average	0.75	2.50	2.25	2.75	1.50	3	2	3	2

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देशः

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 15x4= 60
2. प्रत्येक इकाई से टिप्पणी पूछी जायेगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 5x4 =20

सहायक ग्रंथ-

1. पटकथा लेखन : मनोहर श्याम जोशी,
2. पटकथा कैसे लिखें : राजेद्र पाण्डेय
3. कथा पटकथा : मन्नू भंडारी
4. पटकथा लेखन : असगर वजाहत
5. पटकथा लेखन : रामशरण जोशी

द्वितीय सत्र

HIN-SE-0020

सृजनात्मक लेखन

संवाद-अवधि	: 90
क्रेडिट	: 3
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. **:** इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों में सृजनात्मक लेखन की अवधारणा और सिद्धांत की समझ विकसित हो सकेगी।

LO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी सृजनात्मक लेखन के भाषा सन्दर्भ से परिचित हो सकेंगे।

LO3. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी रचना-कौशल विश्लेषण से अवगत हो सकेंगे।

LO4. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी कविता, कहानी तथा अन्य गद्य विधाओं की आधारभूत संरचना और उसके व्यावसायिक अनुप्रयोग से परिचित हो सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. **:** इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों में सृजनात्मक लेखन की अवधारणा और सिद्धांत की समझ विकसित हुई।

CO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी सृजनात्मक लेखन के भाषा सन्दर्भ से परिचित हुए।

CO3. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी रचना-कौशल विश्लेषण से अवगत हुए।

CO4. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी कविता, कहानी तथा अन्य गद्य विधाओं की आधारभूत संरचना और उसके व्यावसायिक अनुप्रयोग से परिचित हुए।

इकाई	**विषय**	**संवाद अवधि** (घंटों में)	**उपलब्धियाँ (Course Outcome)**
1	**सृजनात्मक लेखन: अवधारणा, स्वरूप एवं सिद्धांत** भाव एवं विचार की रचना में रूपांतरण की प्रक्रिया: विविध अभिव्यक्ति-क्षेत्र: साहित्य, पत्रकारिता, विज्ञापन, विविध गद्य अभिव्यक्तियाँ; संभाषण और लोकप्रिय संस्कृति ।	25	C1
2	**सृजनात्मक लेखन: भाषा-संदर्भ**	25	C2

	अर्थ निर्मित के आधारः शब्दार्थ-मीमांसा, शब्द के प्राक्-प्रयोग, नव्य-प्रयोग, शब्द की व्याकरणिक कोटि; भाषा की भंगिमाएं, भाषिक संदर्भः क्षेत्रीय, वर्ग-सापेक्ष, समूह-सापेक्ष।		
3	**सृजनात्मक लेखनः रचना-कौशल विश्लेषण** रचना-सौष्ठवः शब्द-शक्ति , प्रतीक, बिम्ब, अलंकरण और वक्रताएँ।	20	C3
